**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 3970**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में हेलीकॉप्टरों का उपयोग**

**3970. श्रीमती पूनमबेन माडमः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की देश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में हेलीकॉप्टरों के उपयोग को बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का विचार आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में हेलिकाप्टर इकाइयों का विस्तार दूरस्थ क्षेत्रों में करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): नागर विमानन मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) और उत्तराखंड सरकार के सहयोग से दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश में पायलट परियोजना 'संजीवनी' के तहत हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (एचईएमएस) शुरू की है। इस परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड राज्य में एम्स, ऋषिकेश के 150 किलोमीटर के दायरे में दुर्घटना पीड़ितों और रोगियों को समय पर परिवहन प्रदान करना है, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को आपातकालीन गंभीर देखभाल सुनिश्चित हो सके।
वर्तमान में, भारत सरकार के पास कोई अन्य प्रस्ताव या योजना नहीं है और एचईएमएस को अब तक केवल उत्तराखंड राज्य में पायलट आधार पर लॉन्च किया गया है।

*****